सार-समाचार

श्रीराम बारात आज निकलेगी

नोहर (निसं)। श्रीराम नवयुवक विजय नाट्य न परिषद के तत्वावधान में आयोजित की ने जा रही बाडीवाली रामलीला में शनिवार को श्रीराम-सीता विवाह के अवसर पर कस्बे में भव्य बारात निकाली गई। इसमें रामलीला के कलाकार, रामलीला कमेटी के पदाधिकारी शामिल रहे। श्रीराम विवाह पर शनिवार दोपहर 3 बजे रामलीला बाड़ी से श्रीराम बारात गाजो-बाजो के साथ प्रारंभ हुई। जो शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए वापस बाडीवाली रामलीला आयोजन स्थल पहुंची। कस्बे में अनेक जंगह बारात का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। इस श्रीराम बारात में बडी संख्या में महिला श्रद्धालु हाथों में श्रीराम ध्वज लिये शामिल होगी। इस भव्य बारात आयोजन में श्रीराम रथ व शाही सवारी मुख्य-आकर्षण रही। रामलीला अध्यक्ष चौथमल पांडिया ने बताया कि श्रीराम बारात में भगवान श्रीराम सहित अनेक सचेतन झांकियां शामिल रही। कमेटी के सचिव बालकृष्ण व्यास व कोषाध्यक्ष भूवनेश व्यास ने बताया कि श्रीराम बारात को भव्य बनाने के लिए शुक्रवार को तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया था। राम जन्म व ताडका वध के दृश्य का मंचन किया। श्रीराम नवयुवक विजय नाट्यय परिषद के तत्वावधान में आयोजित बाडीवाली तम रामलीला में गुरुवार रात्रि को राम जन्म व चाची ताडका वध के दृश्य का मंचन किया गया। रामलीला में श्रीराम विष्णु गोविंद, लक्ष्मण अजय भार्गव, भरतनिखिल मित्रुका, शत्रुघ्न देव सेवग, दशरथ पूनम सैनी, विशिष्ठ शिवरतन भपुरोहित, श्रृंगीऋषि प्रभु चौमाल, अग्रिदेव स शिवम भोजक, विश्वामित्र श्यामसुन्दर रान मथेरण, मारीच विष्णु मित्रुका, सुबाहु गप् प्रताप सोनी, ताडका नारायण छिंपा सहित बे विभिन्न पात्रों की भूमिका कलाकारों ने द बखूबी निभाई। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चौथमल पांडिया ने बताया कि रामलिला का मंचन 3 अक्टूबर तक होगा।

कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान शुभारंभ

रतनगढ़ (निसं)। प्रदेश कांग्रेस के निर्देशानुसार वोट चोर गद्दी छोडो हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस के तत्वावधान में शनिवार को ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम के रूप में किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक पूसाराम गोदारा ने की। कार्यक्रम में प्रभारी नरेंद्र बाटड व करतार सिंह टांडी विशेष तौर पर मौजूद रहे। विधायक गोदारा ने इस अवसर पर कहा कि हमें बूथ स्तर पर वोटर लिस्ट पर पैनी नजर रखनी होगी और सतर्क रहना होगा। उन्होंने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग की अनियमितताओं को प्रामाणिक रूप से उजागर किया है। प्रभारी नरेंद्र बाटड ने अपने संबोधन में कहा कि यह अभियान मंडल व बूथ स्तर तक लगातार चलाया जाएगा। करतार सिंह टांडी ने कहा कि जहां भाजपा का माहौल नहीं था, वहां भी भाजपा जीत जाती है, इसका अर्थ है कि सरकारें चोरी से बनी है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रमेशचंद्र इन्दोरिया, युवा कांग्रेस नेता हेमंत सारस्वत, गिरधारी लाल बांगड़वा, अरविंद चाकलान, पंडित महेश चंद्र पुरोहित आदि ने भी विचार रखे। संचालन भानी राम मेघवाल ने किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं में तरुण चालान, रामवीर सिंह राईका, पुरुषोत्तम इंदौरिया,मुख्तार अहमद खान, जगदीश सोनी, सज्जन कुमार बाटड, चरण सिंह कोका, जसकरण गौड,अब्बास गौरी,निरंजन तामडायत, भागीरथ खीचड़, मोटाराम सीवर, रामेश्वर लाल सीवर, विश्वनाथ सोडा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

अग्रसेन जयंती को लेकर तैयारियां शुरू

नोहर, (निसं)। अग्रसेन जयंती पर होने वाले विभिन्न कार्यक्रम की तैयारियां शुरु है। जानकारी देते हुए अग्रवाल नवयुवक सभा समिति के अध्यक्ष मोंटी चाचाण ने बताया कि अग्रवाल सभा समिति व श्रीअग्रवाल नवयुवक सभा समिति के तत्वाधान में होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर समाज के लोगों में भारी उत्साह है। मोंटी चाचाण ने बताया कि संविधान के अनुसार श्रीअग्रवाल नवयुवक समिति के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। वर्तमान में अध्यक्ष पद के चुनाव का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। न्यायालय के आदेशानुसार व संविधान के अनुसार नए अध्यक्ष के चुनाव के बाद समिति का हिसाब किताब नए अध्यक्ष को सौंप दिया जाएगा ।समिति का हिसाब पूरी तरह पारदर्शी है एक-एक पाई पाई का लेखा-जोखा समिति के पास है। मगर कुछ लोगों का काम केवल और केवल समाज को गुमराह करके उसको कमजोर करना है ऐसे लोग समाज में द्वेष भावना पैदा करना चाहते हैं। मेरी समाज के समाज बंधुओ से निवेदन है कि ऐसे लोगों की बातों के बहकावे में न आए और 22 सितंबर को होने वाले अग्र प्रतिभा सम्मान समारोह में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति दर्ज करवाकर समाज को मजबूत करने की दिशा में काम करें। मोंटी चाचणा ने कहा कि समाज के हर कार्य के लिए वह हर समय सेवा-भावना से तैयार हैं।

'शिविर के माध्यम से आमजन लाभान्वित होगा'

रतनगढ़ (निसं)। राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहा सेवा पर्व पखवाडा के अन्तर्गत ग्रामीण सेवा शिविर के चौथे दिन शनिवार को ग्राम भूखरेडी एवम सीतसर में पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने शिविर का निरीक्षण किया। पूर्व विधायक महर्षि ने शिविर के दौराम पशु बीमा, पट्टा एवम स्वामित्व का अधिकार पत्र आदि का वितरण किया। महर्षि ने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार की मंशा है कि आमजन को सरकारी योजनाओं का सहज व सुलभ लाभ मिल सकें। इसलिए ही सेवा पर्व पखवाडा के अंतर्गत ग्रामीण एवम शहरी सेवा शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान के साथ सरकारी योजनाओं का लाभ भी सुगमता से मिल सकेगा। इस अवसर पर शिविर में तहसीलदार पूजा पारीक, विकास अधिकारी जगदीश व्यास,नायव तहसीलदार किशनलाल, प्रशासनिक अधिकारी दिलीप सोनी, भाजपा नेता अर्जुन सिंह फ्रांसा, दीनदयाल पारीक,हनुमान मेघवाल, पूर्व सरपंच प्रह्लाद सारस्वत, ग्राम विकास अधिकारी पवन कड़वासरा,गिरधारी प्रजापत,मनीष चिनिया आदि सहित कई भाजपा कार्यकर्त्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

विधायक ने वाटर कूलर का लोकार्पण किया

चूरू (निसं)। तहसील के ग्राम नाकरासर के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कानाराम प्रजापत की पुण्य स्मृति में समाजसेवी गंगाराम, चेतनराम व भीखाराम प्रजापत के सौजन्य से शनिवार को वाटर कूलर भेंट किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता केसर देव पारीक ने की। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि वाटर कूलर से बच्चों को पीने के लिए शीतल जल मिलेगा। विधायक ने कहा कि सेवा ही मनुष्य का परम धर्म है। ऐसे पुनीत कार्य से मनुष्य की आत्मा तृप्त होती है। इस अवसर पर प्रधान दीपचन्द राहड़, उप जिला प्रमुख महेन्द्र न्यौल, पंचायत समिति सदस्य विक्रम कोटवाद, शिशपाल भांभू आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर ग्रामीणों ने प्रजापत परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बालिकाओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने अतिथियों का भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा बीनासर मण्डल अध्यक्ष दौलतराम प्रजापत ने किया।

विधायक सहारण ने ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन किया

चूरू (निसं)। विधायक हरलाल सहारण ने शनिवार को चूरू पंचायत समिति की ढाढरिया बणीरोतान ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन कर ग्रामीणों से संवाद किया। इस अवसर पर विधायक हरलाल सहारण ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जनसेवा को संकल्प मानकर काम कर रही है।

मुख्यमंत्री शर्मा की पहल से गांवों तक गुणवत्तापूर्ण सेवाएं पहुंच रही हैं। हमारी सरकार गांव-गांव तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने के लिए ग्रामीण सेवा शिविरों का संचालन कर रही है। इन शिविरों में आमजन को एक ही स्थान पर राजस्व, सामाजिक न्याय, पंचायती राज, महिला एवं बाल विकास, चिकित्सा, कृषि सहित विभिन्न विभागों की सेवाएं मिल रही है। इन शिविरों से आमजन की शासन-प्रशासन तक पहुंच सुलभ हो रही है।

उन्होंने ग्रामीणों से संवाद करते हुए कहा कि ग्रामीण सेवा शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं तथा परिवेश के अन्य लोगों को भी जागरूक करें। इस

विधायक हरलाल सहारण ने चूरू पंचायत समिति की ढाढरिया बणीरोतान ग्राम पंचायत में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का अवलोकन कर ग्रामीणों से संवाद किया।

दौरान विधायक हरलाल सहारण, विक्रम सिंह कोटवाद, करणी सिंह आदि अतिथियों ने ढाढरिया बणीरोतान के राजू कंवर को स्वामित्व के तहत पट्टा सौंपा। इस पर राजू कंवर ने कहा कि वे पट्टे के आधार पर बैंक से वित्तीय सहायता प्राप्त कर पक्का मकान बनवा सकेंगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार होगा। तहसीलदार अशोक गोरा ने सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर पूनम कंवर, रणजीत सिंह, अजीत सिंह चारण, हिम्मत सिंह शेखावत, विक्रम सिंह राठौड, किशन भाटी, मूल सिंह, सूमेर सिंह, तेजदान चारण, सोनू पिलानिया, आनन्द प्रजापत, गणपतराम जोशी, महावीर प्रसाद, गोविन्द सिंह, अन्नाराम जोशी, किशन सैनी व विकास कुमार आदि उपस्थित थे।

2 राज बटालियन एनसीसी का कैंप 22 कल से

बीदासर, (निसं)। 2 राज बटालियन एनसीसी जिले के सांडवा में 22 सितम्बर से एटीसी कैंप आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में कैडेट्स को वेपन ट्रेनिंग, ड्रिल एवं मैप रीडिंग का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कैंप की तैयारियों का जसवीर मेमोरियल शिक्षण संस्थान का जायजा लेने के लिए चूरू यूनिट के कमांडिंग अधिकारी कर्नल प्रदीप दहिया, लेफ्टिनेंट कर्नल राजेश कुमार, सुबेदार मेजर प्रेम तमांग, सुबेदार रमेश लाम्बा, सुबेदार अमित एवं रणधीर संस्थान पहुंचे।

संस्थान के सचिव सतवीर धनखड ने बताया कि यह कैंप युवाओं को सेना में भर्ती हेतु प्रेरित करेगा और उनमें अनुशासन एवं राष्ट्र सेवा की भावना को मजबूत बनाएगा।

पहाड़ी मक्खियों के हमले से किसान घायल, उपचार के दौरान मौत

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के गांव लाखलाण बडी में खेत की जुताई करते समय पहाडी मक्खियों के हमले से एक किसान की मौत हो गई। शनिवार दोपहर दो बजे मिली जानकारी के अनुसार राजकुमार पुद्ध प्रतापसिंह निवासी लाखलाण बडी ने मामला दर्ज करवाया है कि उसका भाई संजय कुमार 16 सितम्बर को

- खेत में जुताई करते समय पहाड़ी मक्खियों ने हमला किया

सुबह 10-11 बजे के आसपास बलवान सिंह पुत्र रामजस जाट निवासी लाखलाण बडी के साथ खेत में ट्रैक्टर से जुताई कर रहा था। इसी दौरान खेत में खडे पेड पर मौजूद पहाडी मक्खियों के बडा झुण्ड उसके भाई के उपर गिर गया तथा ट्रेक्टर के उपर ही उसके भाई पर अचानक पहाडी मक्खियों ने हमला कर बोल दिया, तथा पहाडी मक्खियों ने संजय कुमार को जगह-जगह से काट लिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राथमिक उपचार दिलाने के लिए राजगढ़ के भगवानी देवी अस्पताल में लेकर आये, जहां से बाद प्राथमिक उपचार उसे हिसार रेफर कर दिया। इलाज के दौरान शुक्रवार व शनिवार की देर रात्रि को संजय कुमार की मौत हो गई। शनिवार को राजगढ के राजकीय उप जिला अस्पताल में मृतक संजय कुमार का पोस्टमार्टम करवाकर शव उनके परिजनों को सौंप दिया। मनीष श्योराण (सिरसी) ने बताया कि इस हादसे से गांव और परिवार में गहरा शोक है।

सैनी समाज का 23वां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान आज

झुंझुनूं, (निसं)। शहीद इंद्रसिंह सैनी स्मारक के पास कैलाश केसरी अस्पताल में 21 सितंबर रविवार को सैनी समाज कल्याण संस्थान का 23वां प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सम्मान समारोह में जिले भर की 350 प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा। संस्थान अध्यक्ष डॉ. कमलचंद सैनी ने बताया की सम्मान समारोह में 10वीं, 12वीं, स्नातक, स्नातकोत्तर, सरकारी सेवा में चयनित, उच्च शिक्षा सहित समाजिक कार्यों मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले छात्रो के 350 आवेदन आ चुके हैं। इसके बावजूद भी संस्थान का प्रयास हैं कि समाज की कोई भी प्रतिभा सम्मान से वंचित ना रहे। संस्थान सरंक्षक राजेंद्र प्रसाद सैनी ने बताया कि सैनी समाज कल्याण संस्थान ने 24 वर्ष पहले इसकी शुरुआत की। पार्षद प्रदीप कुमार सैनी ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि उदयपुरवाटी विधायक भगवानराम सैनी होंगे। अध्यक्षता राज्य ओबीसी आयोग के सदस्य पवन मार्वाडिया करेंगे। विशिष्ट अतिथि सैनी समाज संस्था के जिलाध्यक्ष राजेश सैनी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक अभिषेक चोपदार, अतिरिक्त कोषाधिकारी अनूप सैनी होंगे।

अग्रसेन जयंती महोत्सव में डांडिया नृत्य आकर्षण का केन्द्र रहा

चूरू में महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती महोत्सव-2025 का भव्य आयोजन हुआ।

चूरू (निसं)। अग्रवाल समाज चूरू द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती महोत्सव 2025 का भव्य आयोजन निरंतर उमंग, श्रद्धा और सांस्कृतिक विविधता के साथ आयोजित किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय महोत्सव पूरे क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

समाज के युवा, महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठजन बड़े उत्साह के साथ इसमें भाग लेकर समाज की एकता और परंपराओं को जीवंत बना रहे हैं।

इसीक्रम में शुक्रवार रात्रि को डांडिया नृत्य का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की युवतियों व महिलाओं ने गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। इस मौके पर बडी संख्या में समाज की महिला-पुरूष उपस्थित थे। शनिवार को चित्रकला व हाउजी प्रतियोगिता में नन्हें कलाकारों ने अपनी कला की प्रस्तुतियां दी।

भगवान श्रीराम की लीला का मंचन ओर धार्मिक कार्यक्रम 22 को

बीदासर (निसं)। शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य में कस्बे के गणगौरी चौक में बीदासर रामलीला कमेटी के तत्वाधान में 22 सितंबर से 2 अक्टूबर तक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की लीला का भव्य मंचन किया जायेगा।

स्थानीय कलाकारों द्वारा होने वाली रामलीला को लेकर कमेटी के कार्यकर्ता शनिवार को दिनभर मंच बनाने व अन्य तैयारियों में जुटे रहे। नवरात्रि के उपलक्ष्य में होने वाली रामलीला के प्रथम दिन 22 सितंबर को रामलीला के उद्घाटन के पश्चात नारद मोह व रावण तपस्या, 23 सितंबर को राम सीता जन्म व रावण वेदवती संवाद, 24 सितंबर को ताडका वध, सीता स्वयंवर, रावण बाणासुर व लक्ष्मण परशुराम संवाद, 25 सितंबर को राम विवाह, राम वनवास, दशरथ मरण, 26 सितंबर को राम भरत मिलन, शूर्पणखा का नाक कटाई, 27 सितंबर को सीता हरण, जटायु मरण, राम सुग्रीव मित्रता व बाली वध, 28 सितंबर को रावण हनुमान संवाद एवं लंका दहन, 29 सितंबर को अंगद रावण संवाद व राज कुमार वध, 30 सितंबर को लक्ष्मण शक्ति एवं राम विलाप, 1 अक्टूबर को कुम्भकरण, मेघनाथ व अहिरावण वध तथा 2 अक्टूबर को रावण वध व राम राज्याभिषेक की लीला का मंचन किया जाएगा। वहीं कस्बेके नोखा रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर में शारदीय नवरात्रि के उपलक्ष्य पर मैढ क्षत्रिय स्वर्णकार संघ व नवरात्रि महोत्सव समिति के संयुक्त तत्वाधान में होने वाली दुर्गा पूजा 2025 दस दिवसीय होने वाले विशाल धार्मिक आयोजन के तहत मंदिर प्रांगण की विद्युत स्वचालित यंत्रों से भव्य सजावट की जा रही है। विशाल धार्मिक आयोजन को लेकर शनिवार को कार्यकर्ता दिनभर तैयारियों में जुटे रहे। संघ के अध्यक्ष गणपत राम मोसुण ने बताया कि 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलने वाले आयोजन के तहत 22 सितंबर को प्रात: 8 बजे गांधी चौक स्थित रघुनाथ जी के मंदिर से गाजे बाजे व मनमोहक झांकियों के साथ कस्बे के मुख्य मार्गों से कलश यात्रा निकाली जायेगी। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंचने पर घट स्थापना होगी, तथा प्रतिदिन प्रात: व सांयकाल भव्य ज्योत ज्वाला आरती तथा 22 सितंबर से दोपहर में 1 बजे से 4.30 बजे तक प्रतिदिन देवी भागवत कथा का आयोजन होगा।

5वीं ग्रामीण खेल प्रतियोगिता' का भव्य शुभारंभ

पाटन (निसं)। फाउंडेशन के तत्वाधान में आयोजित 'बनो चैंपियन 5वीं ग्रामीण खेल प्रतियोगिता' का शुभारंभ आज हीरानगर खेल स्टेडियम नीमकाथाना में विधायक सुरेश मोदी के करकमलों द्वारा किया गया।

खेलों के इस महाकुंभ में सैकडों ग्रामीण खिलाड़ी उत्साह और उमंग के साथ भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक सुरेश मोदी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाती है।

इससे न केवल खेलों को बढावा मिलता है, बल्कि युवाओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचने का अवसर भी प्राप्त होता है।"उल्लेखनीय है कि फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित इस प्रतियोगिता के तहत पिछले दो महीनों से हीरानगर खेल स्टेडियम में फुटबॉल, कबड्डी और एथलेटिक्स के क्षेत्र में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इस प्रशिक्षण में दर्जनों ग्रामीण प्रतिभाएं उभरकर सामने आई हैं, जिन्हें कोच कैलाश शर्मा द्वारा लगातार मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।

उदयपुरवाटी में श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण रुक्मणी विवाह प्रसंग सुनाया

उदयपुरवाटी (निसं)। निकटवर्ती गिरावडी गांव में श्री राधा कृष्ण गौशाला गिरावडी में रिणवा परिवार की ओर से चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में शनिवार को कथावाचक आचार्य पं, पवन पाठक ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह, कंस वध, उग्रसेन राजा, विश्वकर्मा भगवान का प्रसंग सुनाया।

संगीतमय कथा में कथा वाचक ने रात श्याम सपनों में आयो, जय जय गिरवर राज किशोरी जैसी चौपाइयां गाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। कथावाचक में शिक्षा और इंटरनेट के महत्व पर भी प्रकाश डाला। और कहा कि आज के युग में इसके बहुत ही आवश्यकता है। राजेंद्र शर्मा, प्रदीप कुमार शर्मा, पंकज कुमार शर्मा, भंवरलाल चोटिया, राजेश माटोलिया, कैलाश, महेश डीडवानिया, रामावतार चोटिया, रोहिताश बिल ने व्यासपीठ का पूजन किया।

पांडाल में श्री कृष्ण और रुक्मणी विवाह की सुंदर झांकी सजाई गई। श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह में घराति और बाराती बनाए गए। भगवान का पूजन किया गया। विवाह की झांकी के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह में पुष्प वर्षा की गई। कथा में विवाह के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा वस्त्र, फल, नगद आदि का दान पुण्य किया गया। श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र का प्रसंग सुनाया जाएगा। गौशाला के महंत पूर्णानंद के सानिध्य में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन चल रहा है। उन्होंने बताया कि समापन पर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया जाएगा। रविवार को कथा का समापन होगा। इस अवसर पर पूर्व प्रिंसिपल चिरंजी लाल सैनी, अशोक अग्रवाल सीकर,महावीर प्रसाद शर्मा, पूर्व सरपंच रोहिताश गुर्जर, प्रभु दयाल स्वामी, राजेश शर्मा सहित महिला और पुरुष मौजूद थे।

उदयपुरवाटी में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक आचार्य पं, पवन पाठक ने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी के विवाह, कंस वध, उग्रसेन राजा, विश्वकर्मा भगवान का प्रसंग सुनाया।

अग्रसेन जयंती कल

बीदासर (निसं)। अग्रवाल समाज द्वारा 22 सितंबर सोमवार को कस्बे की टांटिया धर्मशाला में अग्रसेन जयंती भक्ति व आस्था के साथ मनाई जायेगी। जयंती को लेकर समाज के लोग तैयारियों में जुट गए है। अग्रवाल समिति के शिव कुमार व रमेश कुमार टांटिया ने बताया कि अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार की दोपहर 4 बजे अग्रसेन महाराज की पूजा अर्चना के बाद भंजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व समाज के विद्यार्थियों की विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

NAME CHANGE

I Prayukti w/o Abhishek kumar Dhayal, Address: bikhansar jhunjhunu has changed my Name from Prayukti to Prayukti Dhayal for all future purposes.

राजस्थान सरकार
विचार्य विषयों के निर्धारण के लिये प्रतिवादी के नाम
आह्वान पत्र
(ऑर्डर 5 रूल जाळता दीवानी)
न्यायालय - अपर जिला एवं सेशन
न्यायाधीश महोदय
स्थान सरदारशहर
शंकरलाल वगैरह बनाम जगदीश वगैरह
दावा-निरस्त घोषित करवाने विक्रय पत्र
दावा संख्या- 47 सन् 2021

बनाम -
1.किशनी देवी पत्नि सांवरमल पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी बिसाऊ रोड़, चूरू 2. कोला देवी पत्नि गोविन्दराम पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रेल्वे स्टेशन के पास, फतेहपुर जिला सीकर (राज.) 3. आचुकी देवी पत्नि अमरचन्द पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रैंगरों का मौहल्ला, सादुलपुर जिला चूरू (राज.) 4. मीरा देवी पत्नि महावीर प्रसाद पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी पुरोहितों के कुंए के पास, रतनगढ जिला चूरू (राज.)
5. गिन्नी देवी पत्नि बजरंगलाल पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी पुराने सिनेमा हॉल के पीछे, चूरू जिला चूरू (राज.) 6. ओमप्रकाश पुत्र सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 7. खेताराम पुत्र सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 8. मैना देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 9. लिछमां देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 10. भगवती देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू।11. सुरेश पुत्र गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियों के कुंए के पास, बिसाऊ जिला झुंझुनूं (राज.) 12. भोजराज पुत्र गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियों के कुए के पास, बिसाऊ जिला झुंझुनूं (राज.) 13. मुन्नी देवी पुत्री गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियो के कुए के पास बिसाऊ जिला झूझूनू (राज.)
आपको सूचित किया जाता है कि वादीगण शंकरलाल, शुभकरण व सांवरमल पुत्रगण स्व. गोरधन जाति माली निवासी वार्ड नं. 13, बाड़ी वास, सरदारशहर ने आपके विरूद्ध इस न्यायालय में यह दावा पेश कर निरस्त घोषित करवाने विक्रय-पत्र एवम् डिक्री चिरस्थाई निषेधाज्ञा पारित करने हेतु निवेदन किया है।
अतः आपको सूचना दी जाती है कि आप इस दावा का जवाब प्रस्तुत करने के लिये दिनांक 08 माह 10 सन 2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में व्यक्तिशः या अपने वकील द्वारा जो कि मुकदमे हाल से परिचित किया गया हो, मुकदमे से सम्बन्धित समस्त महत्वपूर्ण प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा व्यक्ति हो जो प्रश्न का उत्तर दे सके उपस्थित होने के लिये आमन्त्रित किया जाता है। ज्ञात रहे कि उपरोक्त तारीख को आप उपस्थित न हुए तो आपकी अनुपस्थिति में सुन कर निर्णय कर दिया जायेगा। यह आज तारीख 10 माह 09 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत — रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सरदारशहर जिला चूरू (राज.)

हेतुक दर्शित करने के लिये सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय - अपर जिला न्यायाधीश महोदय
स्थान- सरदारशहर
शंकरलाल वगैरह बनाम जगदीश वगैरह
प्रार्थना पत्र - आदेश 39 नियम 1 व 2 एवं धारा 151 जा दी प्रार्थना पत्र संख्या 29 सन् 2021
बनाम
1. किशनी देवी पत्नि सांवरमल पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी बिसाऊ रोड़ चूरू जिला चूरू (राज.)।
2. कोला देवी पत्नि गोविन्दराम पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रेल्वे स्टेशन के पास फतेहपुर जिला सीकर (राज.)।
3. आचुकी देवी पत्नि अमरचन्द पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रैंगरों का मौहल्ला सादुलपुर जिला चूरू (राज.)
4.मीरा देवी पत्नि महावीर प्रसाद पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी पुरोहितों के कुए के पास, रतनगढ जिला चूरू (राज.) 5. गिन्नी देवी पत्नि बजरंगलाल पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी पुराने सिनेमा हॉल के पीछे, चूरू जिला चूरू (राज.) 6. ओमप्रकाश पुत्र सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 7. खेताराम पुत्र सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 8. मैना देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू।
9.लिछमां देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 10. भगवती देवी पुत्री सानू पुत्री रामचन्द्र जाति माली निवासी रतनगढ जिला चूरू 11. सुरेश पुत्र गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियों के कुए के पास बिसाऊ जिला झूझूनू (राज.) 12.भोजराज पुत्र गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियों के कुए के पास बिसाऊ जिला झूझूनू (राज.)।13. मुन्नी देवी पुत्री गिन्नी देवी पुत्री गोरधन जाति माली निवासी राक्सियो के कुए के पास बिसाऊ जिला झूझूनू (राज.)
आपको सूचित किया जाता है कि प्रार्थीगण शंकरलाल, शुभकरण व सांवरमल पुत्रगण स्व गोरधन जाति माली निवासी वार्ड नं. 13, बाड़ी वास, सरदारशहर द्वारा आदेश 39 नियम 1 व 2 एवम् धारा 151 जा दी के तहत आपके व अन्य के विरूद्ध यह प्रार्थना पत्र पेश कर कस्वा आपके विरूद्ध अस्थाई निषेधाज्ञा का अनुतोष पारित करने का निवेदन किया है। अतः आप अप्रार्थीगण व सर्वसाधारण को सूचना दी जाती है कि आप इस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिये दिनाक 08 माह 10 सन् 2025 को 10 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगें जो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा। यह आज तारीख 10 माह 09 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
आज्ञा से,
मोहर अदालत — रीडर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश सरदारशहर, जिला चूरू (राज.)

कार्यालय नगरपालिका मण्डल रावतसर जिला हनुमानगढ़ (राज)
क्रमांक -न.पा.रा./भू/2025/11 दिनांकः 19/09/2025
आपति आमत्रंण सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती गोदावरी देवी पत्नि श्री भंजनलाल जाति मोची साकिन वार्ड नं.08 रावतसर जिला हनुमानगढ ने खातौल्यूत भूखण्ड के दस्तावेजों की फोटोप्रति प्रस्तुत कर आवासीय भूखण्ड साईज 163.84 वर्गमीटर में से 48.02 वर्गमीटर(दक्षिणी हिस्सा) का नामान्तरण अपने नाम से पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहती है, जिसका मूल पट्टा नगरपालिका रावतसर द्वारा श्री अनील कुमार पुत्र श्री मदनलाल जाति सरावगी निवासी वार्ड नं.15 रावतसर के नाम से साईज 163.48 वर्गमीटर का जारीशुदा है। श्री अनील कुमार ने उक्त भूखण्ड में से साईज 48.02 वर्गमीटर(दक्षिणी हिस्सा) जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 14.02.2020 द्वारा श्री राजेश अग्रवाल पुत्र श्री ओमप्रकाश को बैचान कर दिया। श्री राजेश ने उक्त भूखण्ड जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.10.2020 द्वारा उक्त भूखण्ड श्रीमती गोदावरी देवी पत्नि श्री भजनलाल को बैचान कर दिया। जिसका प्रार्थीया अपने नाम से नामान्तरण पालिका रिकोर्ड में दर्ज करवाना चाहता है।
अतः उक्त आवासीय भूखण्ड का नामान्तरण दर्ज करने में अगर किसी को कोई आपति हो तो इस सूचना के समाचार पत्र में प्रकाशन होने के 07 दिवस की अवधि में अपनी आपति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपती पर कोई विचार नही किया जायेगा।
रजनीश चौधरी,
अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका रावतसर

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)
क्रमांक- न.पा.रा./2025-26/111-112 दिनांक - 18/09/2025
आपति सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा निम्नलिखित की पत्रावलियों की फिरम का आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति को इस सबंध में आपति